प्रेसनोट थाना मदनापुर
जनपद शाहजहाँपुर

दिनाँक- 17.02.2026

थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बडी सफलता हासिल हुई।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 15/02/2026 को वादी श्री रामवरन पुत्र ओमकार निवासी ग्राम बंधा थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर द्वारा दी गई तहरीर बावत अभियुक्तगण 1. जौहरी पुत्र बद्री 2. जागन 3. उदयवीर पुत्रगण मथुरी 4. बलवीर 5. शिवजी पुत्रगण जागन सर्व निवासीगण ग्राम बंधा थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर द्वारा वादी के पुत्र शोभित उम्र करीब 19 वर्ष के साथ गाली-गलौज करते हुये बेरहमी से पीट-पीट कर मार डालने के सम्बन्ध में दाखिल की थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना मदनापुर पर मु0अ0अ0 28/2026 धारा 191(2)/191(3)/115(2) /103(1) /352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त जौहरी पुत्र बद्री उम्र करीब 70 वर्ष निवासी ग्राम बंधा थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर को आज दिनाँक 17/02/2026 को चन्दोखा के पास से समय करीब 10.10 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियोग में वांछित शेष अभियुक्तो की तलाश जारी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- जौहरी पुत्र बद्री उम्र करीब 70 वर्ष निवासी ग्राम बंधा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

- मु0अ0अ0 28/2026 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/103(1) /352 बीएनएस थाना मदनापुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-

- दिनाँक 17/02/2026 को समय करीब 10.10 बजे चन्दोखा के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 विश्वजीत प्रताप सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर।
2. का0 2807 भानुप्रताप सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर।